# गडकरी ने किया टीसीआई सेफ सफर का अनावरण



नयी दिल्ली । **संवाददाता**

केंद्रीय मंत्री माइक्रो स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज व रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाइवेज नितिन गडकरी ने टीसीई सेफ सफर का अनावरण किया। कार्यक्रम में टीसीआई के डॉक्टर डी पी अग्रवाल, श्री विनीत अग्रवाल और श्री चन्दर अग्रवाल भी उपस्थित थे.

गडकरी ने विशेष तौर से बने हुए पारिस्थितिकी अनुकूलित ट्रक का अनावरण कर टी सी आई को इसके लिए बधाई देते हुए कहा, 'मैं सबसे पहले टीसीआई को इस प्रयास के लिए बधाई देता हूं जो लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से टी सी आई सेफ सफर को ले कर आये हैं। हमारे देश में हर साल 5 लाख एक्सीडेंट होते हैं जिसमें 1.5 मृत्यु होती हैं और अधिकतर मृतकों की आयु 18 से 25 होती है।' इसके कारण कई परिवार बर्बाद तो होते ही हैं और जी डी पी भी 3% गिरती है। अगर सब इसमें सावधानी बरतें तो यह खबरें आनी बंद हो जाएंगी।